# राजकीय इंजीनियरिंग कालेज
# बाँदा (उ०प्र०)

# प्रशासकीय परिषद की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | : | 12.04.2019 |
| स्थान | : | सभागार कक्ष<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा |

Scanned by CamScanner

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा की प्रशासकीय परिषद की चतुर्थ बैठक माननीय अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार परोलिया की अध्यक्षता में दिनांक 12.04.2019 को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा के सभागार कक्ष में सम्पन्न हुयी। बैठक का उपस्थिति विवरण निम्न है:

1. श्री कृष्ण कुमार परोलिया — अध्यक्ष
   505, मम्फोर्डगंज, प्रयागराज।

2. श्री शैलेन्द्र चौधरी — उपाध्यक्ष
   संयुक्त निदेशक,
   प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ०प्र०, झाँसी।
   (सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा नामित प्रतिनिधि)

3. श्री शैलेश आनंद — सदस्य
   अपर निदेशक,
   कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूट मण्डल, बाँदा।
   (सचिव, वित्त विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा नामित प्रतिनिधि)

4. प्रो० वी०के० त्यागी — सदस्य
   निदेशक,
   बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान झाँसी।
   (माननीय कुलपति, डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा नामित प्रतिनिधि)

5. प्रो० एस०के० श्रीवास्तव — सदस्य
   प्रोफेसर, फार्मास्यूटिकल इंजीनियरिंग एवं टेक्नालाजी विभाग,
   भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी०एच०यू०) वाराणसी
   (निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी०एच०यू०) वाराणसी द्वारा नामित प्रतिनिधि)



Scanned by CamScanner

6. श्री एफ०आर० खान — सदस्य
उप निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ०प्र०, कानपुर।
(निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ०प्र०, कानपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि)

7. प्रो० जे०पी० सैनी — सदस्य
माननीय कुलपति,
नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।

8. प्रो० के०ए० मिश्रा — सदस्य
प्रोफेसर (रिटायर्ड), इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर

9. प्रो० एच०के० पालीवाल — सदस्य
निदेशक,
अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान लखनऊ।

10. प्रो० देवेन्द्र मोहन — सदस्य
प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग,
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी०एच०यू०) वाराणसी।

11. प्रो० पंकज चंद्रा — विशेष आमंत्री
माननीय कुलपति,
अहमदाबाद विश्वविद्यालय, अहमदाबाद

12. प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल — सदस्य सचिव
निदेशक,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा



Scanned by CamScanner

| मद सं० | मद का विवरण |
|---|---|
| 04:01 | **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न हुयी तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**<br>प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न हुयी तृतीय बैठक के कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुयी है। अनुमोदित कार्यवृत्त के अवलोकन के उपरांत प्रशासकीय परिषद द्वारा कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 04:02 | **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**<br>प्रशासकीय परिषद की दिनांक 08.01.2019 को सम्पन्न हुयी तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर अब तक कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 04:03 | **संस्थान की नौवीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा की वित्त समिति की दिनांक 29.03.2019 को सम्पन्न हुयी नौवीं बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 04:04 | **संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा की केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 10.04.2019 को सम्पन्न हुयी तृतीय बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 04:05 | **संस्थान में एन०पी०आई०यू० द्वारा प्रदत्त अस्थायी शिक्षक के त्यागपत्र के पश्चात इस पद पर पुनः अस्थायी शिक्षक हेतु एन०पी०आई०यू० को भेजे गये प्रस्ताव की सूचना तथा अनुमोदन।**<br>संस्थान में एन०पी०आई०यू० द्वारा प्रदत्त अस्थायी शिक्षक के त्यागपत्र के पश्चात् इस |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | पद पर पुनः अस्थायी शिक्षक हेतु एन०पी०आई०यू० को भेजे गये प्रस्ताव की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 04:06 | <u>डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा वित्त पोषित दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गये प्रस्ताव, किये गये क्रय, सेवायें लिये जाने, निर्माण कार्य इत्यादि की सूचना तथा अनुमोदन।</u><br>डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा वित्त पोषित दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गये प्रस्ताव, किये गये क्रय, सेवायें लिये जाने, निर्माण कार्य इत्यादि की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 04:07 | <u>विश्व बैंक पोषित टेकिप–3 के अंतर्गत तिमाही कार्य योजना, पी०एम०एस०एस० पोर्टल पर अपलोड किये गये प्रोक्योरमेंट प्लान, किये गये क्रय/ व्यय एवं अन्य गतिविधियों की सूचना एवं अनुमोदन।</u><br>विश्व बैंक पोषित टेकिप–3 के अंतर्गत अब तक भेजी गयी तिमाही कार्य योजना, पी०एम०एस०एस० पोर्टल पर अपलोड किये गये प्रोक्योरमेंट प्लान, किये गये समस्त क्रय/ व्यय एवं अन्य गतिविधियों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 04:08 | <u>संस्थान में सत्र 2018–19 में माह जनवरी 2019 से अद्यतन हुये कार्यों/ क्रिया–कलापों, हो रहे निर्माण कार्यों से परिषद को अवगत कराना।</u><br>संस्थान में सत्र 2018–19 में माह जनवरी 2019 से अद्यतन हुये कार्यों/ क्रिया–कलापों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 04:09 | <u>संस्थान में गैर–शैक्षणिक पदों के सृजित व रिक्त पदों की शैक्षणिक अर्हता निर्धारित करने तथा कतिपय पदनाम, वेतन बैंड व ग्रेड पे को 26.09.2013 के शासनादेश के अनुसार परिवर्तित करने हेतु शासन को भेजे गये पत्र की सूचना व अनुमोदन।</u><br>संस्थान में गैर–शैक्षणिक पदों के सृजित व रिक्त पदों की शैक्षणिक अर्हता निर्धारित |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | करने तथा कतिपय पदनाम, वेतन बैंड व ग्रेड पे को 26.09.2013 के शासनादेश के अनुसार परिवर्तित करने हेतु शासन को भेजे गये पत्र की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 04:10 | <u>संस्थान के विभागीय विजन एवं मिशन का अनुमोदन।</u><br>संस्थान के समस्त विभागों के विभागीय विजन एवं मिशन से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 04:11 | <u>संस्थान की प्रथम शैक्षणिक समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।</u><br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा की शैक्षणिक समिति की दिनांक 09.04.2019 को सम्पन्न प्रथम बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 04:12 | <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।</u><br><br>1. <u>संस्थान में एक अंशकालीन चिकित्साधिकारी रु० 30,000/– प्रतिमाह मानदेय पर रखे जाने हेतु अनुमोदन।</u><br>परिषद के सदस्यों द्वारा संस्थान में चिकित्सीय सुविधा की अनुपलब्धता का स्वतः संज्ञान लेते हुये संस्थान में रह रहे छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संस्थान मेंएक अंशकालीन चिकित्साधिकारी रु० 30,000/– प्रतिमाह मानदेय पर रखे जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।<br><br>2. <u>प्रशासकीय परिषद द्वारा निम्नलिखित मदों के सम्बन्ध में संस्थान को कार्यवाही करने हेतु अनुमोदन।</u><br>प्रशासकीय परिषद द्वारा निम्नलिखित मदों के सम्बन्ध में संस्थान को मदानुसार वर्णित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गयाः<br>(क) संस्थान हेतु आवश्यक अतिरिक्त भूमि क्रय संबंधी पूर्व में शासन को भेजे गये प्रस्ताव के क्रम में प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला प्रशासन के अधिकारियों के माध्यम/ सहयोग से संस्थान के निकट उपलब्ध सरकारी भूमि चिन्हित |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | कर इस भूमि को संस्थान को उपलब्ध कराने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाये।<br>**(ख)** संस्थान में शोध को बढ़ावा देने हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि संस्थान परास्नातक प्रोग्राम शुरू करने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय तथा शासन को भेजे।<br>**(ग)** संस्थान में छात्रों द्वारा शिक्षकों का फीडबैक आनलाइन लिये जाने के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्देशित किया गया।<br>**(घ)** प्रशासकीय परिषद ने कार्यदायी संस्था सी० एण्ड डी०एस० द्वारा संस्थान में पूर्व निर्मित अकादमिक भवन, छात्रावासों, छात्र क्रियाकलाप केन्द्र, टाइप–1 आवास, टाइप–4 आवास, सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट इत्यादि के हस्तान्तरण से सम्बंधित दस्तावेजों तथा इन निर्माण कार्यों के लिये आवंटित धनराशि में हुई बचतों और बचतों के सापेक्ष कराये गये कार्यों के विषय में संस्थान में सभी प्रपत्र उपलब्ध नहीं होने का संज्ञान लिया तथा इस संबंध में संस्थान के पूर्व निदेशक तथा बी०आई०ई०टी० झाँसी के वर्तमान/ पूर्व निदेशक को पत्र लिखकर/ संपर्क कर सूचना संकलित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। |

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुयी।

(प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल)
सदस्य–सचिव, प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा

(श्री कृष्ण कुमार परोलिया)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा



Scanned by CamScanner